# जीवन संवर गया | By Deep Aaditya

मेरे सर पे रखा हाथ
तूने जबसे दीनानाथ
ये जीवन संवर गया
ये जीवन संवर गया
दी खुशियों की सौगात
तूने जबसे दीनानाथ
ये जीवन संवर गया
ये जीवन संवर गया

मैं हार के इस जग से
जब पास तेरे आया
तूने किरपा पुष्प देकर
मेरा जीवन महकाया
मेरे दिल की करूँ पुकार
तूने सुन ली लखदातार
ये जीवन संवर गया
ये जीवन संवर गया

तू श्याम धणी जबसे
दिलदार बना मेरा
इज़्ज़त की मिली रोटी
परिवार पला मेरा
मिला मुझको तेरा प्यार
ओ सांवरिया सरकार
ये जीवन संवर गया
ये जीवन संवर गया

तू यार गरीबो का
सच कहता जग सारा
सरकार तेरी सच्ची
तेरा सच्चा है द्वारा
तूने कुंदन पे उपकार
दिया दीप को ये उपहार
ये जीवन संवर गया
ये जीवन संवर गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by-deep-aaditya/